>

Title: Need to take necessary measures for electrification of hamlets and villages under Rajiv Gandhi Grameen Vidyutikaran Yojana in Banda parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

श्री आर.के.सिंह पटेल (बांदा): माननीय ऊर्जा मंत्री, भारत सरकार द्वारा सदन में यह घोषणा की गई थी कि राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना से 300 की आबादी वाले गांवों/मजरों को विद्युतीकृत किया जाएगा। किंतु खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि सदन में घोषणा के बावजूद अभी तक उक्त घोषणा को पूरा नहीं किया गया है। देश के भिन्न-भिन्न प्रान्तों सहित उत्तर प्रदेश से मेरे लोक सभा क्षेत्र बांदा व चित्रकूट जिले के गांवों/मजरो की पूरी विस्तृत योजना बनाकर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भारत सरकार को वर्ष 2010-11 में दो वर्ष पूर्व भेजी गई है। किंतु अभी तक वित्तीय स्वीकृति केन्द्र सरकार द्वारा नहीं दी गई है। मैंने भी अपने क्षेत्र में असेवित ग्रामों को विद्युतीकृत किए जाने के संबंध में जनता को आश्वासन दे दिया था पर वित्त स्वीकृति जारी न होने के कारण सरकार द्वारा सदन में की गई घोषणा कार्यरूप में परिणत नहीं हो पाई है। 15वीं लोक सभा के कार्यकाल के कुछ ही माह बचे हैं।

अतः मैं मांग करता हूं कि सदन में घोषित उपरोक्त घोषणा पर जल्द कार्यवाही की जाए।